यूनेस्को का रचनात्मक शहरों का नेटवर्क

drishtiias.com/hindi/printpdf/unesco-creative-cities-network

प्रीलिम्स के लिये:

यूनेस्को का रचनात्मक शहरों का नेटवर्क, वर्ल्ड सिटीज़ डे 2019, यूनेस्को

मेन्स के लिये:

शहरीकरण, पर्यटन, रचनात्मक विकास से संबंधित मुद्दे

चर्चा में क्यों?

वर्ल्ड सिटीज़ डे (31 अक्तूबर, 2019) के अवसर पर **यूनेस्को ने भारत के मुंबई तथा हैदराबाद** समेत विश्व के 66 शहरों को **रचनात्मक शहरों के नेटवर्क में शामिल** किया है।

प्रमुख बिंदु:

- **मुंबई को क्रिएटिव सिटी ऑफ फिल्म्स (Creative City of Films)** तथा **हैदराबाद को क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी** (पाक कला) (Creative City of Gastronomy) के रूप में नामित किया गया है।
    - इससे पूर्व भारत के **चेन्नई** और **वाराणसी** को **यूनेस्को के संगीत शहरों** में शामिल किया गया है, जबकि **जयपुर** को **शिल्प तथा लोककला** के शहर के रूप में शामिल किया गया है।
- नेटवर्क में शामिल शहर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों के साथ-साथ नागरिक समाज को शामिल करने हेतु साझेदारी विकसित करने के लिये प्रतिबद्ध होते हैं।

वर्ल्ड सिटीज़ डे 2019 (World Cities Day 2019):

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 31 अक्तूबर को **विश्व शहर दिवस** के रूप में नामित किया है।
- वर्ल्ड सिटीज़ डे 2019 का विषय **"दुनिया को बदलना: नवाचार और भविष्य की पीढ़ियों के लिये बेहतर जीवन"** है।

(UNESCO Creative Cities Network- UCCN):

- UCCN को 2004 में उन शहरों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये बनाया गया था जिन्होंने रचनात्मकता को **स्थायी शहरी विकास** हेतु एक रणनीतिक कारक के रूप में पहचाना है।

- वर्तमान में 246 शहर निम्नलिखित उद्देश्यों की दिशा में एक साथ काम कर रहे हैं:
    - स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं हेतु रचनात्मक और सांस्कृतिक उद्योगों को केंद्र में रखना।
    - अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रूप से सहयोग करना।
- UCCN का उद्देश्य अभिनव सोच और कार्रवाई के माध्यम से **सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goal)** को प्राप्त करना है।
- UCCN में **संगीत, कला, लोकशिल्प, डिज़ाइन, सिनेमा, साहित्य तथा डिजिटल कला और पाककला** जैसे सात रचनात्मक क्षेत्र शामिल हैं।
- यूनेस्को के अनुसार, यह नेटवर्क उन शहरों को एक साथ लाता है जिन्होंने अपनी रचनात्मकता के आधार पर विकास किया है।

स्रोत : द हिंदू (बिज़नेस लाइन)